>

Title:Need to develop the historical city of Kalpi in Jalaun Parliamentary Constituency as a tourist place.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन-गरौठा की ओर दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन-गरौठा में कालपी नगर है, जिसे महर्Âिा वेदव्यास की जन्मस्थली के नाम से जाना जाता है, यह ऐतिहासिक नगरी है। यहां पर सूर्य मंदिर एवं सूर्य कुंड है जो कि पृथ्वी का मध्य माना जाता है। सूर्य गृहण पड़ने पर कई विदेशी एवं भारतीय खगोलशास्त्री दूरबीन लगाकर यहां अध्ययन करने आते हैं। यहां पर पांडवों ने अपना अज्ञातवास का समय व्यतीत किया, घटोत्कच का जन्म भी इसी नगर में हुआ था और भीÂम पितामह ने भी यहां पर आजीवन अविवाहित रहने की प्रतिज्ञा की थी। यहां पर कई प्राचीन मंदिर जैसे-पचपंडा देवी, काली का मंदिर, वन खण्डर देवी का मंदिर है। जिसके कारण यहां पर हजारों श्रृद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। स्वतंत्रता संग्राम में कई महापुरूÂा जैसे चन्द्रशेखर आजाद, वीरांगना लक्ष्मीबाई आदि ने यहां समय व्यतीत किया। सम्राट अशोक ने यहां 84 गुम्बद बनावाये थे। कुतुब मीनार की तर्ज पर लंका भी है।

मेरी केन्द्र से मांग है कि कालपी तहसील के इन ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटक स्थलों के रूप में विकसित किया जाये।

* Treated as laid on the Table.